बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-776**
**06/11/2026**

# दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व के दौरान विधि–व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें :– सम्राट

## मुख्य बिंदु :–

- दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर बिहार आने वाले लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं छठ घाटों पर विशेष सफाई, सुरक्षा और 24 घंटे गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- त्योहारों के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। सभी जिलों में क्विक रिस्पांस टीम (QRT) गठित कर उन्हें पूरी तरह सक्रिय एवं अलर्ट रखा जाए।
- छठ घाटों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय।
- कायाकल्प अभियान के तहत दोगुनी की गई योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो, कोई भी गांव विकास योजनाओं से वंचित न रहे।
- राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक प्रत्येक माह उद्योगपतियों के साथ बैठक करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो और निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हों।
- भ्रामक एवं फर्जी खबरों पर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी सूचना के सही होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए जवाब दिया जाए और गलत सूचना होने पर उसका शीघ्र खंडन किया जाए। भ्रामक सूचनाओं से नकारात्मक माहौल नहीं बने और जनता तक सही जानकारी पहुंचे।

पटना, 06 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आगामी दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व के मद्देनजर राज्य में विधि–व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के अवसर पर बड़ी संख्या में बिहार के लोग दूसरे राज्यों एवं विदेशों से अपने घर लौटते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें अपने गृह राज्य में आने पर खुशी, सुरक्षा और सकारात्मक बदलाव का अनुभव हो। सभी जिलों में प्रशासन एवं पुलिस पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व को लेकर सभी को सतर्क एवं तत्पर रहना है। विधि व्यवस्था के साथ–साथ सभी आवश्यक तैयारियों ससमय पूर्ण करें। छठ महापर्व बिहार का गौरव और हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। सभी जिलों में क्विक रिस्पांस टीम (QRT) गठित कर उन्हें पूरी तरह सक्रिय एवं अलर्ट रखा जाए। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों के आसपास विशेष रूप से चौबीसों घंटे गश्त की व्यवस्था हो। पुलिस की पेट्रोलिंग प्रभावी हो तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थलों एवं छठ घाटों पर साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं इन व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। छठ घाटों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्थानीय स्वयंसेवकों को भी व्यवस्थाओं में शामिल किया जाए। गांवों के छठ घाटों पर स्थानीय तैराकों को भी उपलब्ध रखें। विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहीं भी नंगे तार का उपयोग नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि दलित/महादलित टोलों में जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी जायें, उनके बीच जाकर उनके साथ पर्व मनाएं। पर्व–त्योहारों को आपसी प्रेम, सद्भाव और उत्साह के साथ मनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। जिलाधिकारी जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से मिलकर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम एवं संपन्न लोगों से 125 यूनिट बिजली सब्सिडी का लाभ स्वेच्छा से छोड़ने की अपील को लेकर प्रचार–प्रसार करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कायाकल्प अभियान के तहत योजनाओं की संख्या दोगुनी कर दी गई है। जिलाधिकारी इसकी निरंतर निगरानी करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गांव विकास कार्यों से वंचित नहीं रहे। सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित सभी आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं को अभियान के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान हुये सभी क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की मरम्मती शीघ्र करायें।

मुख्यमंत्री ने भ्रामक एवं फर्जी खबरों पर त्वरित कार्रवाई के लिए प्रत्येक स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी खबर के सही होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए जवाब दिया जाए और गलत खबर होने पर उसका शीघ्र खंडन किया जाए। इसके लिए अधिकतम चार घंटे के भीतर प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि भ्रामक सूचनाओं से नकारात्मक माहौल न बने और जनता तक सही जानकारी पहुंचे। साथ ही जिन समस्याओं को उठाया जाता है उसको लेकर की जा रही कार्रवाई तथा समस्याओं के समाधान को लेकर जानकारी साझा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 नवंबर के बाद वे विभिन्न जिलों का भ्रमण करेंगे। 16 नवंबर के बाद विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि राज्य में

औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक प्रत्येक माह उद्योगपतियों के साथ बैठक करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो और निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हों। जिलों में जमीन अधिग्रहण के कार्य में विलम्ब न हो, जिलाधिकारी इस पर तेजी से काम करें। 'एक जिला, एक उत्पाद' (ODOP) योजना पर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को पूरी गंभीरता, जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें, ताकि बिहार में सुशासन, सुरक्षा और विकास की गति निरंतर तेज हो।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा ने विधि व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा ने बताया कि पर्व के दौरान विधि व्यवस्था को बेहतर बनायें रखने के लिए 16,000 प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों, 1,500 PTC, होमगार्ड एवं रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार, पुलिस महानिदेशक, विशेष सुरक्षा श्री कुन्दन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अजय यादव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो0 सोहेल, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडल के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं वरीय अधिकारी जुड़े हुये थे।

******